(ख) 31.3.95 की स्थिति के अनुसार, 8910 उपभोक्ताओं को क्रास-बार एक्सचेंज से सेवा प्रदान की जा रही है ।

(ग) जी हां । भूमिगत केबिलें बिछा दी गई हैं । केबल की गहराई 3 फुट होनी चाहिए ।

(घ) जी हां । जंक्शन बक्सों को सिमेंट के चबूतरे पर बनाया गया है ।

(ङ) जी हां । ठेकेदार का नाम श्री एम० ओ० मनसूरी है । कुल व्यय 58,604/- रु० हुआ है ।

दिल्ली टेलीफोन में कर्मचारियों का स्थानान्तरण

4486. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली टेलीफोन के प्रशासनिक विभाग को स्थानान्तरण हेतु कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ;

(ख) उपर्युक्त आवेदकों में से कितने व्यक्तियों का स्थानान्तरण किया गया है; और

(ग) क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई समीक्षा करवाई है और यदि हां, तो उसके परिणाम क्या रहे हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) 2820

(ख) 1339

(ग) सामान्यतया कर्मचारियों से उनके आवास के निकट स्थित टेलीफोन के एक्सचेंज/कार्यालयों में तैनाती के लिए अनुरोध प्राप्त होते हैं । इस प्रकार की तैनातियां सेवाहित, एक्सचेंज/कार्यालय में उपलब्ध रिक्त पदों और वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए की जाती हैं।

Public Telephones for Scheduled Tribe in Gujarat

4487. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether there is any provision for installing a Public Telephone for Scheduled Tribes in an area having more than five thousand people;

(b) if so, what is the number of such telephones installed in Gujarat, district-wise; and

(c) the target fixed for the next year for each district ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Sir, there is no provision for installing a public Telephone for Scheduled Tribes in a area having more than five thousand people. However under the New Telecom Policy, it is proposed to provide by 1997, a village panchayat telephone to every village in the country and a public call office for every 500 persons in the Urban areas including scheduled tribe areas.

(b) Does not arise in view of reply to (a) above.

(c) The target fixed for 1995-96 for allotment of PCOs in Gujarat Telecom Circle is 5250 STD/ISD PCOs and 1750 local PCOs. The district-wise targets are fixed by the Circle depending upon the technical feasibility.

दिल्ली टेलीफोन में भ्रष्टाचार

4488. श्री आस मोहम्मद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली टेलीफोन के प्रशासन एवं सतर्कता की असफलता के कारण दिल्ली टेलीफोन में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है ;